पीपुल्स प्रवक्ता

अनूपपुर/खिरकिया/बनखेड़ी/बैतूल/दमोह/ टीकमगढ़

WWW.PEOPLESPRAVAKTA.COM

भोपाल

बुधवार, 01 अप्रैल-2026



## खबर संक्षेप

### चोरों ने जेवरात व नकदी पर किया हाथ साफ

**तेन्दूखेड़ा।** थाना अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 मैं सूने घर का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को रविवार सोमवार की दरमियानी अंजाम दिया गया है चोरी होने के बाद सुबह जब उनके घर की ताला टूटे पाए गए तो इसकी जानकारी पुलिस को दी गई थी जब चोरी की घटना हुई तो परिवार भोपाल गया हुआ था वार्ड क्रमांक 10 निवासी रुक्मणी पति विनोद तिवारी द्वारा घर में चोरी की घटना के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया दिनांक 28 मार्च 2026 को शाम लगभग 6:00 बजे अपने परिवार सहित भतीजे के विवाह समारोह में शामिल होने हेतु भोपाल गई हुई थीं। दिनांक 30 मार्च 2026 को प्रातः लगभग 7:00 बजे मोहल्ले की लीला बाई लोधी ने उन्हें फोन पर सूचना दी कि उनके घर का ताला खुला हुआ है। सूचना मिलने पर लीला बाई लोधी एवं उनकी जेठानी प्रेमरानी तिवारी घर के अंदर गई, जहां उन्होंने घर में चोरी होने की पुष्टि की।

### बिजली दरों में वृद्धि और किसानों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल के नाम सौंपा गया पत्र

**पथरिया।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी प्रदेश एवं जिला कॉंग्रेस कमेटी के आवाहन पर पथरिया शहर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर एक ज्ञापन राज्यपाल के नाम सौंपा गया। यह ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) पथरिया के माध्यम से प्रेषित किया गया, जिसमें बिजली दरों में वृद्धि, किसानों के बकाया भुगतान, तथा पेट्रोल-डीजल और गैस से जुड़ी समस्याओं पर चिंता जताई गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश सरकार द्वारा 1 अप्रैल से बिजली दरों में बढ़ोतरी का निर्णय लिया गया है, जिससे आम जनता और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। साथ ही किसानों के क्रेडिट कार्ड के बकाया भुगतान की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है, जबकि अभी तक समर्थन मूल्य पर फसल खरीदी की प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि किसानों को मजबूरी में बाजार से कर्ज लेकर बकाया राशि जमा करनी पड़ रही है।

**समय सीमा की बैठक के दौरान सीईओ श्री जैन ने योजनाओं अभियानों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

# नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने बढ़ाए सतर्कताः सीईओ जिला पंचायत श्री हिमांशु जैन

**पीपुल्स प्रवक्ता नर्मदापुरम।**



जिला नर्मदा पुरम कार्यालय में मंगलवार को कलेक्टर के रेवा सभा कक्ष में समय सीमा की बैठक का आयोजन जिला पंचायत सीईओ श्री हिमांशु जैन की अध्यक्षता में किया गया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जैन ने समय-सीमा की बैठक के दौरान विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने विशेष रूप से सीएम हेल्पलाइन में डी ग्रेड में आने वाले विभागों को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग प्रमुख शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। बैठक में संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा करते हुए सीईओ श्री जैन ने निर्देशित किया कि अभियान अवधि में शत-प्रतिशत शिविरों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विकासखंड स्तर पर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। सीईओ श्री जैन ने एचपीवी वैक्सीनेशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए समस्त एसडीएम को टीकाकरण की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम सिवनी मालवा को विशेष रूप से निर्देशित किया कि सुव्यवस्थित कार्य योजना बनाकर 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का शत-प्रतिशत एचपीवी टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सीईओ ने सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं कृषि विभाग के अमले को सख्त निर्देश दिए कि फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए सतर्कता बढ़ाई जाए। जिन क्षेत्रों में कटाई का प्रतिशत कम है, वहां विशेष निगरानी रखते हुए फसल अवशेष प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में 1 से 4 अप्रैल तक आयोजित होने वाले शाला प्रवेश उत्सव की तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए सीईओ श्री जैन ने सभी विकासखंडों में स्कूलों में प्रवेश उत्सव आयोजित करने हेतु अधिकारियों के दायित्व निर्धारित करते हुए निर्देशित किया कि अधिकारी स्वयं विद्यालयों में उपस्थित होकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करें। साथ ही आगामी दिनों में आयोजित होने वाले पुस्तक मेले में भी अधिक से अधिक विद्यार्थियों को किफायती दामों में पुस्तके उपलब्ध करवाते हुए उन्हे लाभान्वित किए जाने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त, जनगणना 2027 की तैयारियों के अंतर्गत एन्यूमेरेटर एवं सुपरवाइजर की सूची निर्धारित पोर्टल पर अद्यतन करने के निर्देश संबंधित तहसीलदार, सीएमओ एवं एसडीएम को दिए गए।

# जनसुनवाई में लापरवाही बर्दाश्त नहींः कलेक्टर सूर्यवंशी

**पीपुल्स प्रवक्ता बैतूल।**




कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को निर्देश दिए कि आवेदनों के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि देरी या प्रभाव डालने की कोशिश करने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। जनसुनवाई में कुल 83 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के लिए समय-सीमा तय की गई।

**मुख्य निर्देश व कार्रवाईः** भीमपुर की मनसा बाई के खेत विवाद में पुनः सीमांकन के निर्देश, दोषी पाए जाने पर कार्रवाई का आश्वासन। मुलताई व अन्य क्षेत्रों में अवैध कब्जा व निर्माण की शिकायतों पर जांच व हटाने के निर्देश। आमला में राजस्व रिकॉर्ड अद्यतन न करने पर संबंधित रीडर की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश। चिचोली में अभिलेख दुरुस्ती में लापरवाही पर पटवारी के निलंबन की कार्रवाई के निर्देश। बीपीएल कार्ड, रास्ता विवाद व रोजगार से जुड़े मामलों के शीघ्र निराकरण के आदेश। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ अक्षत जैन, संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रत्येक बूथ पर उत्साह से मनेगा स्थापना दिवसः सुधाकर पंवार

**पीपुल्स प्रवक्ता बैतूल।**




भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय विजय भवन में मंगलवार को आगामी कार्यक्रमों को लेकर कामकाजी बैठक आयोजित की गई, जिसमें पूर्व कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई। जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कार्यकर्ताओं से 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस प्रत्येक बूथ पर उत्साहपूर्वक मनाने का आह्वान किया। आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने कहा कि स्थापना दिवस पर प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार विविध कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिन्हें प्रभावी और ऐतिहासिक बनाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशिक्षण की महत्ता बताते हुए कहा कि प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही पार्टी की विचारधारा को मजबूती से जनता तक पहुंचाता है। प्रशिक्षण अभियान के जिला संयोजक कमलेश सिंह ने बताया कि मंडल स्तर पर आयोजित प्रशिक्षण वर्गों से कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा और कार्यपद्धति की बेहतर समझ मिली है। वहीं स्थापना दिवस अभियान के जिला संयोजक कृष्णा गायकी ने जानकारी दी कि 6 अप्रैल को ध्वजारोहण, स्वच्छता अभियान, सम्मान समारोह, बस्ती संपर्क और योजनाओं पर चर्चा जैसे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक का संचालन देवी सिंह ठाकुर ने किया तथा आभार जगदीश पंवार ने व्यक्त किया। इस दौरान जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी और अध्यक्षगण मौजूद रहे।

### डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह समिति की बैठक संपन्न

**पीपुल्स प्रवक्ता दमोह।**

प्रतिवर्ष अनुसार आगामी 14 अप्रैल 2026 को संविधान के निर्माता विश्वरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जन्म जयंती की तैयारियों को लेकर कचौरा मार्केट स्थित अम्बेडकर सामुदायिक भवन में आयोजन समिति के अध्यक्ष रामेश्वर चौधरी की अध्यक्षता में सामाजिक रायशुमारी बैठक संपन्न हुई। जयंती की पूर्व संध्या 13 अप्रैल 2026 को विशाल वाहन रैली तहसील ग्राउंड में एकत्रित होकर शहर भ्रमण करेगी वाहन रैली की अध्यक्षता अरविंद चौधरी करेंगे। 14 अप्रैल 2026 को भव्य शोभा यात्रा का आयोजन होगा समस्त वार्ड वस्तियों से आने वाले जुलूस व शोभायात्रा तहसील ग्राउंड में शाम 4 बजे एकत्रित होकर शोभायात्र शहर के विभिन्न मार्गो से निकाली जाएगी। बैठक में प्रताप रोहित, भगवान दास चौधरी, अरविंद चौधरी, संजय रोहितास, धीरज कुमार, नवीन बौद्ध, नरेंद्र मोहनीश सुबोध राही, अजय राज, एवं अनेक सामाजिक गणमान्य जनों की उपस्थिति रही

**जनसुनवाई में 47 आवेदनों पर हुई सुनवाई**

# आवास,श्रम, वित्त, राजस्व, अनुकंपा नियुक्ति जैसे अन्य आवेदनों पर हुई सुनवाई

**पीपुल्स प्रवक्ता बनखेड़ी।**



जिला कलेक्टर मुख्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्री हिमांशु जैन ने आमजन की समस्याओं का परीक्षण कर विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की समस्याओं और मांगों से संबंधित आवेदनो का समाधान किया7 जनसुनवाई में आए 47 आवेदनों पर सुनवाई कर उनका निराकरण किया। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान ग्राम बनखेड़ी निवासी बसंती बाई ने जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ प्रदान कराये जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर श्री जैन ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार योजना का लाभ प्रदान करने के लिए निर्देशित किया। इसी प्रकार रसूलिया निवासी भावेश श्रोती ने उनके स्वर्गीय पिता जो कि जनजातीय कार्य विभाग में सहायक ग्रेड 3 के पद पर पदस्थ थे,उनकी मृत्यु के पश्चात अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर श्री जैन ने जनजाति कार्य एवं विभाग अधिकारी को शीघ्र नियुक्ति प्रदान करने के निर्देश दिए। एक अन्य मामले में बनखेड़ी निवासी दौलत सिंह पटेल ने सीमांकन कराये जाने हेतु आवेदन दिया। जिस पर श्री जैन ने सम्बन्धी अधिकारी को शीघ्र सीमांकन करने के लिए निर्देशित किया। पेंशन, सीमांकन, अतिक्रमण, विधुत, राजस्व सम्बन्धि डिप्टी कलेक्टर श्रीमती डॉ. बबीता राठौर, सिटी मजिस्ट्रेट श्री देवेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

**मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं को मिला मार्गदर्शन**

# भाजपा प्रशिक्षण वर्ग में संगठन, सोशल मीडिया और चुनावी रणनीति पर हुआ मंथन

**पीपुल्स प्रवक्ता तेंदूखेड़ा।**




जबेरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी द्वारा संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण एवं कार्यकर्ता दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से मंडल सिंग्रामपुर, जबेरा एवं तेंदूखेड़ा में भारतीय जनता पार्टी का ÷पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में तीनों मंडलों के बूथ अध्यक्षों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे एवं स्थानीय विधायक एवं मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में अतिथियों ने कार्यकर्ताओं को संगठन की रीढ़ बताते हुए उनकी भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया तथा आगामी चुनावी चुनौतियों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया। प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत कुल छह सत्रों का आयोजन किया गया, जिनमें प्रमुख वक्ताओं के रूप में अनिल मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा, संजय सेन, मनीष तिवारी, अरुण तिवारी, हरिश्चंद्र पटेल, मनीष सोनी, रानू नामदेव एवं रुपेश सेन ने अपने विचार व्यक्त किए। सभी वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, सिद्धांतों एवं संगठनात्मक संरचना की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांतों को आत्मसात करते हुए जनसेवा के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

### 30 वर्षीय युवक का हुआ ससुराल जाते समय हुआ एक्सीडेंट

**पीपुल्स प्रवक्ता तेंदूखेड़ा।**

ग्राम पांजी के पास दमोह तेंदूखेड़ा मार्ग पर शाम 5 बजे हर्रई रिछयाई तेजगढ़ निवासी दिनेश पिता बलई गौड़ 30 का एक्सीडेंट हो गया जबलपुर से वापिस दमोह पेंशेंट छोड़कर जा रही 108 के चालक भूपेंद्र सिंह ठाकुर, ईएमटी अरविंद अहिरवार ने जब सडक पर भीड़ लगी देखी तो वाहन को रोककर घायल दिनेश को तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आएं। जहां पर हाथ पैर में गंभीर चोटों के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर मेडीकल कालेज रेफर किया गया हैं। दिनेश के मौसा ने बताया कि वह अपनी ससुराल कुदपुरा जा रहा था तभी रास्ते में एक्सीडेंट हो गया। एक्सीडेंट किस कारण से हुआ हैं यह तो दिनेश के होश में आने के बाद ही पता चलेगा फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर कलेक्टर विवेक श्रोतिय का सख्त एक्शन

**पीपुल्स प्रवक्ता टीकमगढ।**



जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की अहम बैठक आयोजन किया गया। जिसमें शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए कई कड़े और ठोस निर्णय लिए गए। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने की। कलेक्टर ने पूर्व बैठकों के लंबित निर्णयों पर नाराजगी जताते हुए एसडीएम, नगर पालिका और पुलिस विभाग को सखूत निर्देश दिए कि जल्द ही सभी कार्यों को तत्काल धरातल पर उतारा जाए। **शहर के मुख्य चौराहों का होगा कायाकल्पः** शहर में बढ़ते ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए कोतवाली तिराहा और मिश्रा तिराहा स्थित श्रवण कुमार पार्क के पुनर्विकास का निर्णय लिया गया। पार्कों का कुछ हिस्सा कम कर 'लेफ्ट टर्न' (बायां मोड़) बनाया जाएगा, जिससे यातायात सुगम हो सके। साथ ही आंबेडकर और अस्पताल चौराहे को मॉडल चौराहा बनाते हुए वहां सोलर ट्रैफिक सिग्नल लगाए जाएंगे। **ई-रिक्शा वेरिफिकेशन और सुरक्षा के निर्देशः** बैठक में जनप्रतिनिधियों ने ई-रिक्शा चालकों के पुलिस वेरिफिकेशन की मांग रखी, जिस पर कलेक्टर ने सहमति जताई। साथ ही करमासन घाट, कुंडेश्वर और बंडा नहर पुल पर सुरक्षा के लिए रेलिंग लगाने के निर्देश दिए गए।

**शहर से बाहर शिफ्ट होंगे व्यवसायः** शहर के भीतर संचालित थोक सब्जी मंडी, मैकेनिक शॉप और ट्रांसपोर्ट नगर को शहर से बाहर स्थानांतरित करने पर भी चर्चा हुई, जिससे यातायात दबाव कम किया जा सके। **बाईपास निर्माण में देरी पर फटकारः** बल्देवगढ़ में ढाई साल से लंबित बाईपास सड़क निर्माण पर कलेक्टर ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को जमकर फटकार लगाई और कार्य को समयसीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। **जल्द बनेगा हॉकर जोनः** हाथ ठेला और फल विक्रेताओं के लिए शहर में जल्द ही हॉकर जोन चिन्हांकित किए जाएंगे, ताकि सड़क पर अतिक्रमण कम हो और ट्रैफिक व्यवस्था सुधरे।

**यह अधिकारी रहे मौजूदः** बैठक में कलेक्टर विवेक श्रोतिय के साथ एएसपी विक्रम सिंह, एसडीएम संस्कृति लिटोरिया, एसडीओपी राहुल कटरे और ट्रैफिक इंचार्ज कैलाश पटेल सहित लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# अवैध गांजा के साथ पाए गए प्रहलाद पटेल को हुई 3 वर्ष की कठोर कैद

**पीपुल्स प्रवक्ता दमोह ।**



न्यायालय श्रीमान अमर गोयल, विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने अवैध गांजे के साथ पकड़ाए आरोपी प्रहलाद पटेल निवासी ग्राम भियाना, जिला दमोह को धारा 20(बी)(ii)(सी) NDPS एक्ट में 3 वर्ष की अवधि का कठोर कारावास एवं 10000 रूपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। अभियोजन मामला संक्षेप में इस प्रकार है कि पुलिस थाना नोहटा, जिला दमोह में पदस्थ सहायक उपनिरीक्षक एस.एस. दुबे जप्तीकर्ता अधिकारी को दिनांक 14.11.2021 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम मियाना का प्रहलाद पटैल, जो कि खाकी रंग का टोपा, काले रंग की जरकिन एव काले रंग की फुल पैन्ट पहने हुये था. अपने गांव के साथी नीलेश साहू एवं भगवत आदिवासी के साथ अलग-अलग बैगों में उड़ीसा के किसी स्थान से गांजा खरीदकर सारनाथ ट्रेन में बैठकर कटनी आकर कटनी से किसी वाहन से दमोह तक साथ आया है और दमोह से तीनों अलग-अलग जगह गांजा बेचने निकले है तथा प्रहलाद पटैल दमोह से एक ट्राली बैग में गांजा लिये नोहटा तरफ आकर नोहटा पुल पर किसी व्यक्ति को गांजा विक्रय करने की फिराक में खड़ा है।

उक्तमुखबिर सूचना को रोजनामचा सान्हा 45 दिनाक 14.11.2021 में दर्ज कर पंचनामा तैयार किया जाकर वरिष्ठ अधिकारियों को मुखबिर सूचना से अवगत कराकर पंचनामा तैयार किया गया। मुखबिर के बताये स्थान व्यारमा नदी पुल नोहटा पहुंचकर मुखबिर की सूचना की तस्दीक की तो उक्त हुलिये का एक व्यक्ति ट्राली बैग लिये संदिग्ध हालत में खड़ा दिखाई दिया, जिसे हमराही स्टाफ की मदद से घेराबंदी कर नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम प्रहलाद पटैल, निवासी ग्राम भियाना, थाना बटियागढ़, जिला दमोह होना बताया।अभियुक्त को मुखबिर की सूचना से अवगत कराते हुये तलाशी बाबत् सहमति पंचनामा तैयार कर स्वयं एवं हमराही स्टाफ, साक्षीगण एवं शासकीय वाहन की तलाशी दी गयी, जिसमें कोई आपत्तिजनक वस्तु या मादक पदार्थ बरामद नहीं हुआ, फिर अभियुक्त की तलाशी लिये जाने पर उसके आधिपत्य में रखे एक ट्राली बैग में खाकी रंग के कागज के पैकिटों में करीब एक किलो के पांच पैकेट गुलाबी, लाल व संतरे रंग की साड़ियों के टुकड़ों में लिपटे प्राप्त होने पर उन्हें खोलकर पदार्थ को समरस किया गया एवं मौके पर इलेक्ट्रानिक तराजू का भौतिक सत्यापन कर संदेही के आधिपत्य से जब्तशुदा मादक पदार्थ की तौल करने पर उक्त पैकेटों में नमीयुक्त कुल 04 किलो 900 ग्राम गाजा जैसा मादक पदार्थ रखा होना पाया गया जिसका तौल पंचनामा तैयार किया गया। उसके पश्चात जब्तशुदा मादक पदार्थ गाजे में से 50-50 ग्राम के दो सैम्पल निकाले जाकर सफेद कपड़े में पैक कर शेष बचे 04 किलो 800 ग्राम गांजे जैसे पदार्थ को सफेद कपड़े में पैक कर मौके पर सीलबद किया गया एव ट्राली बैग में पांच खाकी कागज के खाली पैकेट एवं पांच साड़ियों के टुकड़ों को रखाकर सफेद कपड़े में रखकर सीलबद किया तथा अभियुक्त से उक्त मादक पदार्थ रखने का लायसेंस पूछे जाने पर लायसेंत नहीं होना बताया।संपूर्ण विवेचना उपरांत आरोपी के विरुद्ध NDPS Act की धारा 8 एवं 20 के अंतर्गत अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में आई साक्ष्य और अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्कों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी प्रहलाद पटेल को धारा 20(बी)(ii)(सी) NDPS एक्ट में 3 वर्ष की अवधि का कठोर कारावास एवं 10,000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। अभियोजन की ओर से पैरवी श्री धर्मेन्द्र सिंह तारन सहायक निदेशक अभियोजन के नेतृत्व में विशेष लोक अभियोजक श्रीमती सविता बजाज द्वारा की गई ।


Code No. - 07608
Phone/Fax No. - 253235
E-Mail : cmobijabar@mpurban.gov.in

## कार्यालय नगर परिषद बिजावर जिला-छतरपुर (म०प्र०)

क्रमांक/316/न.पं.बिजावर/2026 दिनांक – 31.03.2026

### ई–निविदा सूचना (तृतीय आमंत्रण)

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली मे पंजीकृत ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदाये आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

**कार्यो का विवरण**

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं एएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | **2026_UAD_496049_1/ 01.04.2026** | Interception & Diversion of Nallahs with STP works Project of Bijawar town under SBM 2.0<br>1. Design and build sewage treatment plant of installed capacity 1.3 MLD and all appurtenant structures and allied works;<br>2. Survey, review the designs, redesign where necessary, and diversion works of Nallahs including survey, design, Providing , Supplying, erection and construction of 1 No. of Pumping stations and all appurtenant structures and allied works;<br>3. Providing, laying, jointing, testing, commissioning of (i) Sewage pumping main of DI K-7 pipe having length of 1600 m of dia 80 mm and DI K-7 pipe having length of 1365 m and dia 150 mm (ii) Treated water pumping main of DI K-7 pipe having length of 52 m of dia 150 mm and from Treated water Sump to nearby agriculture Land/River including excavation, refilling, road cutting/dismantling, restoration, providing valves and specials and fittings all complete.<br>4. Treated Water Sump with Pump House<br>5. Providing , Supplying and erection of Electric Sub Station including required electric conductor with all necessary equipments and fittings complete in all respect | 12 माह<br>4,85,35,000/– | 15000.00<br>242675.00 | 06.05.2026 |

नोट :–

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर की किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र मे प्रकाशन नही किया जावेगा।

संतोष सैनी
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बिजावर